10715/04-09-2020

**अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–02.09.2020 को विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त की समीक्षात्मक बैठक में दिये गए निदेश।**

दिनांक–02.09.2020 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त की समीक्षात्मक बैठक में निम्नांकित निदेश दिए गए।

1. **विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत भू–स्वामित्व के संबंध में परिलक्षित होने वाले विभिन्न परिदृश्य के संबंध में (MARBLE)** :– निदेशित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया में मानचित्र एवं अभिलेख आधारित पात्रता **(Map and Record Base entitlement)** निर्धारित करने के लिए आवश्यक है कि भूमि के स्वामित्व संबंधी संभावित परिदृश्यों का पूर्व से आकलन कर लिया जाए और भूमि विवादों के संबंध में उत्पन्न होने वाले विभिन्न बिन्दुओं को संकलित कर सभी तरह के परिदृश्यों के संबंध में विवेचना कर दोहरी प्रकृति के कागजातों, ठोस जांच प्रणाली का विकास, भूमि के संबंध में विभिन्न सिविल एवं राजस्व न्यायालयों द्वारा दी गई व्यवस्थाएँ, नवीन प्रकृति की समस्याएँ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए उनकी विवेचना करते हुए सर्वेक्षण कार्यों में Artificial Intelligence (AI) के प्रयोग को व्यवहार के लाने के संबंध में प्रस्ताव तैयार करने पर विचार किया जाए।

   बैठक में उपस्थित सभी जिलों के प्रभारी स0ब0प0 के कम–से–कम 25 संभावित परिदृश्यों को एकत्र कर समर्पित करने का निदेश दिया गया।

   **अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय एवं निदेशालय में पदस्थापित जिलों के प्रभारी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी।

2. **मोन्यूमेंटेशन कार्य के लिए हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को किए जाने वाले भुगतान के संबंध में** :– निदेश दिया गया कि मोन्यूमेंटेशन के लिए हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को किए जाने वाले भुगतान के संबंध में अविलंब वित्त/विधि विभाग से संपर्क स्थापित मंतव्य प्राप्त कर भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

   **अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय।

3. **हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के बकाए का भुगतान** :– निदेश दिया गया कि सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को MoU के आलोक में उनके द्वारा अब तक किए गए काम के आधार पर अविलंब भुगतान करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

   **अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय।

4. **विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा** :– प्रतिवेदित किया गया कि अब तक 1163 कर्मियों की शिविर टैगिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए निदेशालय में पदस्थापित 06 सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों के मध्य 20 जिलों का विभाजन किया गया है। इनके द्वारा प्रतिदिन आवंटित जिलों से संपर्क कर कार्यों एवं समस्याओं के संबंध में संपर्क स्थापित किया जाता है। इन सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा इस सप्ताह में अपने–अपने जिले का भ्रमण किया जाएगा।

   निदेश दिया गया कि विभाग के वरीय पदाधिकारियों हेतु भी भ्रमण कार्यक्रम तैयार किया जाए।

   निदेश दिया गया कि MIS के माध्यम से प्रत्येक जिले का प्रगति प्रतिवेदन सारांश रूप में तैयार किया जाए एवं जिला एवं कार्मिक स्तर का समेकित प्रतिवेदन तैयार किया जाए ताकि खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों से सीधे संवाद किया जा सके एवं अक्षम कर्मियों के संबंध में आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

   **अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय/ प्रभारी आई0टी0 सेल।

5. **Real time map updation on the basis of land mutation** :– निदेश दिया गया कि वर्त्तमान में विशेष सर्वेक्षण कार्यरत अंचलों में से किसी एक गांव का Textual and Spatial Data प्राप्त कर प्रक्रिया का निर्धारण किया जाय। इस सम्बन्ध में प्रत्येक सोमवार को आई0टी0 एक्सपर्ट के साथ बैठक की जाए एवं प्रगति की समीक्षा कर अंतिम रूप देना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालनः**– निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय।

6. **HRMS का अद्यतीकरण** :– प्रतिवेदित किया गया कि निदेशालय स्तर के सभी कर्मियों के HRMS के अद्यतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निदेश दिया गया कि सभी निदेशालयों के HRMS अद्यतीकरण के कार्य को सितम्बर माह में अंतिम रूप से पूरा कर लिया जाए।

**अनुपालनः**– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय एवं स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय। चकबंदी / भू–अर्जन निदेशालय।

7. **भू–मानचित्र सॉफ्टवेयर** :– प्रतिवेदित किया गया कि रैयतों को मानचित्र उपलब्ध कराने के लिए डाक विभाग से संपर्क स्थापित कर प्रस्ताव दिया गया है। इस सम्बन्ध में सभी पक्षों के साथ बैठक का आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

निदेश दिया गया कि भू–मानचित्र सॉफ्टवेयर के माध्यम से मानचित्र उपलब्धता के संबंध में रेडियो और समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार किया जाए एवं आम जनता के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की तरफ से उपलब्ध कराई जानेवाली सभी सेवाओं के सम्बन्ध में एक Common Public Site बनाई जाए।

**अनुपालनः**– श्री राजेश कुमार सिंह, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–जनसंपर्क पदाधिकारी, आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

8. **भारत सरकार से प्राप्त होने वाले आवंटन की समीक्षा** :– निदेश दिया गया कि भारत सरकार से प्राप्त होने वाले आवंटनों की समीक्षा कर प्राप्त किये जाने वालों आवंटन के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

**अनुपालनः**– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017 10715 **पटना, दिनांक** :– 04-09-2020

**प्रतिलिपिः**– श्री राजेश कुमार सिंह, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–जनसंपर्क पदाधिकारी / आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्कय कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017....10715.......... **पटना, दिनांक** :–04-09-2020

**प्रतिलिपिः**– सहायक निदेशक / तकनीकी कोषांग / सुश्री सुरभी सिंह, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को कार्यार्थ एवं निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017....10715.......... **पटना, दिनांक** :–04-09-2020

**प्रतिलिपिः**– उपनिदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017....10715.......... **पटना, दिनांक** :–04-09-2020

**प्रतिलिपिः**– प्रशाखा पदाधिकारी (स्थापना), भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017....10715.......... **पटना, दिनांक** :–04-09-2020

**प्रतिलिपिः**– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप